संख्या-13/1393 प्रो0/51-2014-14(02)/2012

प्रेषक,

इन्द्र राज सिंह,
उप सचिव,
मुख्य मंत्री एवं प्रोटोकाल,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आगरा ।

मुख्य मंत्री कार्यालय (प्रोटोकाल अनुभाग) लखनऊः दिनांक 16 अक्टूबर, 2014

विषय: राज्य अतिथियों के सेवा-सत्कार पर व्यय हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-02/प्रोटोकाल, दिनांक मई, 2014, के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य अतिथि के परिवहन से संबंधित निम्न देयक के भुगतान हेतु धनराशि रूपये 17,002=00 (रूपया सत्तरह हजार दो मात्र) आवंटित करते हुए उसे व्यय करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

क्रम सं0	मा0 राज्य अतिथि का नाम/पदनाम/यात्रा की तिथि /वाहन संख्या देयक संख्या/ दिनांक/खान-पान से संबंधित देयक संख्या	धनराशि
1-	मा0 न्यायमूर्ति, श्री जी0 एस0 सोलंकी, जज,मा0 उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश, दिनांक 22-03-2014 से 25-03-2014 तक, वाहन संख्या-यू0पी0-32,बी.एन.-3248, देयक संख्याः आगरा-2492, दिनांक 31-03-2014	रु 17,002=00
	(रुपये सत्तरह हजार दो मात्र) कुल योग	रु 17,002=00

2- उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण की सूचना संबंधित कोषागार की डी0डी0ओ0 रिकान्सिलेशन स्टेटमेंट की प्रमाणित प्रति एवं भुगतान का व्यय विवरण निर्धारित प्रपत्र-1 पर शासन को एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करा दिया जाये। उक्त धनराशि के आहरण से पूर्व यह भी अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाये कि देयक का भुगतान दुबारा नहीं किया जा रहा है। उक्त से सम्बन्धित देयक मूलरूप में वापस किये जा रहे हैं।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-84 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक-'2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-093-जिला स्थापनायें-03 -कलेक्ट्री स्थापनायें-22-आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि के नामें डाला जायेगा।

संलग्नकः (01 देयक मूलरुप में)

भवदीय,
इन्द्र राज सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 1393 (1) प्रो0/51-2014-14(02)/2012, तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश (प्रथम), इलाहाबाद।
2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5।
3- कोषाधिकारी, आगरा ।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
5- क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, आगरा ।
6- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,
इन्द्र राज सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in